# आरक्षित पद पर जीता चुनाव, अब तक नहीं दिया जाति प्रमाण पत्र

## अधिकारियों ने भी शपथ पत्र को ही मान्य किया, 33 माह से लगातार निकाली जा रही है पंचायत की राशि

**शाजापुर, 27 मई. चुनाव पंचायत का हो या नगरीय निकाय का. विधानसभा का हो या लोकसभा का. यदि क्षेत्र आरक्षित है, तो नामांकन के समय जाति प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से जमा करना होता है. यदि कोई नामांकन के समय जाति प्रमाण-पत्र जमा नहीं करता है, तो उसका नामांकन अवैध माना जाएगा और निरस्त हो सकता है. लेकिन आगर जिले की नलखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताखला में जिला प्रशासन के अधिकारियों की गंभीर लापरवाही का नतीजा है कि बिना जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए ताखला ग्राम पंचायत के सरपंच पद के चुनाव में प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार किया और आज दिनांक तक जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है. तमाम शिकायत के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है और संबंधित महिला सरपंच को 33 माह का समय हो गया है. प्रशासन ना तो जाति प्रमाण-पत्र ले पाया और ना ही पंचायत की राशि पर रोक लगा पाया.**

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में आगर जिले के नलखेड़ा जनपद के अंतर्गत पंचायत चुनाव हुए थे. जिसमें एक पंचायत ताखला है, जिसमें सरपंच पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित हुआ था. उस समय इस पंचायत में आशा बाई एकमात्र आदिवासी महिला थी. ऐसा माना जा रहा था कि सरपंच पद पर आशा बाई निर्विरोध निर्वाचित हो जाएगी, लेकिन उसी दौरान ग्राम पंचायत ताखला में शादी करके आई पूनम बाई पति रामचंद्र ने अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया और अपने आप को भील जाति का अजजा कैटेगरी में नामांकन दाखिल कर दिया. अन्य उम्मीदवार आशा बाई ने पूनम बाई की जाति प्रमाण पत्र को लेकर एक आपत्ति एसडीएम सुसनेर को प्रस्तुत की, लेकिन सुसनेर के तत्कालीन एसडीएम ने आपत्ति का निराकरण नहीं किया और ना ही रिटर्निंग अधिकारी ने मतदान पूर्व उनका जाति प्रमाण-पत्र लिया. पंचायत चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें पूनम बाई चुनाव जीत गई. जब इस मामले में जांच की गई, तो पूनम बाई का मप्र में कोई जाति प्रमाण-पत्र नहीं बना है, क्योंकि पूनम बाई का जन्म महाराष्ट्र में हुआ है और उनके पास महाराष्ट्र की भील जाति का प्रमाण पत्र जरूर है. इसके बाद ग्राम पंचायत ताखला के रामचंद्र जो पिछड़ा वर्ग से बताए जा रहे हैं, उससे विवाह किया. इस संबंध में जब सरपंच पूनम बाई के पति रामचंद्र से जाति प्रमाण पत्र मांगा गया, तो वे जाति प्रमाण पत्र पेश नहीं कर पाए. केवल नामांकन के समय पूनम बाई ने शपथ पत्र दिया था, जिसमें उसने स्पष्ट लिखा था कि मेरे पास जाति संबंधी कोई प्रमाण पत्र नहीं है. मैं शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं.

### सीईओ ने की जांच, तो उनकी की झूठी शिकायत

नलखेड़ा जनपद पंचायत सीईओ जितेंद्र सिंह सेंगर ने जब इस मामले की जांच करना चाही, तो सरपंच श्रीमती पूनम बाई पति रामचंद्र सेन द्वारा एक झूठी शिकायत जनपद सीईओ जितेंद्र सेंगर की कर दी . जबकि मामले को लेकर जांच भी चल रही थी, लेकिन आखिरकार झूठी शिकायत के बाद जितेंद्र सिंह सेंगर के पक्ष में पंचायत सचिव, सहायक सचिव और सरपंच संघ ने महिला सरपंच की शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग की .

### क्या वसूली कर पाएगा जिला प्रशासन..?

यदि ग्राम पंचायत ताखला का चुनाव अवैध घोषित होता है, तो 33 महीने में जो राशि ग्राम पंचायत द्वारा निकाली गई, वो प्रशासन क्या वसूल कर पाएगा. क्या सरपंच के खिलाफ अमानत में खयानत और शासन को धोखे में रखकर चुनाव लड़ने के मामले में कार्यवाही होगी या फिर जांच के नाम पर मामला दबा दिया जाएगा.

### बिना प्रमाण पत्र के कैसे स्वीकार हो गया नामांकन

आश्चर्य की बात तो यह है कि नामांकन के समय यदि एक भी दस्तावेज अधूरा है, तो नामांकन निरस्त हो जाता है . लेकिन ग्राम पंचायत ताखला में सरपंच पद के उम्मीदवार पूनम बाई ने बिना जाति प्रमाण पत्र के चुनाव लड़ा और चुनाव भी जीत गई . और वो स्वयं शपथ पत्र में इस बात का उल्लेख कर रही हैं कि उनके पास कोई जाति प्रमाण पत्र नहीं है . शिकायत के बावजूद भी आगर जिले के किसी भी अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी ने इस मामले में आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है . जबकि सरपंच के कार्यकाल को 33 माह का समय गुजर चुका है और झूठे शपथ पत्र व बिना जाति प्रमाण पत्र के चुनाव लड़ना और जीत कर पंचायत की राशि निकालने के मामले में आगर जिला प्रशासन मौन है .

### अभी भी खाते पर नहीं लगी है रोक...

बिना जाति प्रमाण पत्र के सरपंच का चुनाव जीतने वाली ताखला ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा लगातार राशि निकाली जा रही है, जबकि मामला अभी जांच में चल रहा है, लेकिन प्रशासन ने ग्राम पंचायत की राशि पर रोक नहीं लगाई . यही कारण है कि धड़ल्ले से पैसे निकाले जा रहे हैं . इस मामले की जांच एसडीएम को दी गई है . मामला प्रथम दृष्टया बिना जाति प्रमाण पत्र के नामांकन प्रस्तुत करना और शपथ पत्र में जाति प्रमाण पत्र ना होने का उल्लेख सरपंच द्वार स्वयं देने से स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत ताखला का चुनाव अवैध है और जांच के बाद शून्य घोषित हो सकता है .

**इनका कहना है**

*मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है. तहसीलदार द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा. जिसके बाद आगामी कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा.*

***- सर्वेश यादव, एसडीएम, सुसनेर***

## एक नजर में

### शनि जयंती पर हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन



**शुजालपुर, 27 मई .** शनि जयंती के अवसर पर मंगलवार को सिटी मंडी रोड स्थित शनि मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए . यहां पर दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही . हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव की पूजा अर्चना करते हुए तिल व तेल चढ़ाया गया . शनि जयंती के चलते मंदिर परिसर स्थित भगवान की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया . इस धार्मिक आयोजन के चलते मंगलवार को प्रात : 6 बजे भगवान शनि देव का भव्य अभिषेक, प्रात : 8 बजे यज्ञ व 9 .30 बजे से विशाल भंडारा हुआ . जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की . साथ ही शाम 7 बजे भगवान शनि देव की विशाल आरती व महाप्रसादी वितरण किया गया .

**महिलाओं ने भी किया रक्तदान**

शनि मंदिर पर दिनभर चले धार्मिक आयोजन के बीच स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया . मंदिर परिसर के समीप रक्त संग्रहण के लिए वातानुकुलित वाहन पहुंचा, इस रक्तदान शिविर में 52 नागरिकों ने रक्तदान किया, जिसमें महिलाओं सहित पुलिस कर्मियों ने भी अपनी भूमिका निभाई . इस शिविर में अवसर पर डॉ . अमित सोनी, देवनारायण बैरागी, काउंसलर जया माहेश्वरी, दीपक वाघ, अर्जुन नरवरिया, वाहन चालक राजेन्द्र आदि का सहयोग रहा .

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300वी जन्म जयंती वर्ष पर प्रतियोगिता का आयोजन



**मोहन बड़ोदिया, 27 मई .** तत्कालीन होलकर रियासत की प्रथम महिला प्रशासक लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जन्म जयंती के 300 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में विगत दिनों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया . इस परिप्रेक्ष्य में महिला सशक्तिकरण में अहिल्याबाई का योगदान विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई .जिसमें महाविद्यालय की इतिहास विषय की प्राध्यापक डॉक्टर श्रीमती वंदना मंडोर ने केंद्रीय वक्तव्य प्रस्तुत किया . देवी अहिल्याबाई के आर्थिक सुधारों पर केंद्रित, व्याख्यान आयोजित किया गया . उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्तव्य अर्थशास्त्र विषय के प्राध्यापक डॉक्टर अंजनी कुमार तिवारी ने दिया . सोमवार एवं मंगलवार को लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन विषय पर निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई . निबंध प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र रोहित परिहार ने प्रथम स्थान, पायल कुंभकार ने द्वितीय स्थान एवं मनीष पाटीदार तथा किरण कुंभकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया . इसी थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवानी सूर्यवंशी ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा करुणा बैरागी ने द्वितीय स्थान एवं रोहित परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया . भाषण प्रतियोगिता में प्रविष्टि निरंक रही . समस्त कार्यक्रमों का संचालन डॉक्टर केशव शर्मा ने किया . कार्यक्रम में प्रभारी अभय भोसले, डॉक्टर वंदना मंडोर, डॉ . राजकुमार सूत्रकार, डॉ . अंजनी कुमार तिवारी, श्रीमती सायरा बानो खान, जितेंद्र विश्वकर्मा एवं मोहन सूर्यवंशी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे .

### गौ सेवा समिति सदस्यों का किया सम्मान

**शुजालपुर, 27 मई .** शहर में बीमार व दुर्घटनाओं में घायल होने वाले गौवंश की सेवा व उपचार करने वाली गौ सेवा समिति सदस्यों का सम्मान नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर किया गया . इन सदस्यों को पक्षियों को पानी पीने के लिए सकोरे भेट किए और सदस्य राहुल राजस्थानी, आनंद सोनी, सुमित राजपूत, आदित्य मराठा, अमन परमार, विशाल मालवीय, अनुज बाहु सहित अन्य सदस्यों द्वारा किए जा रहे जीवदया के सेवा कार्य के लिए सरहाना की . इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन, सुरभि सपन काकड़ीवाल, सार्या, श्रेयांश सुनिधि जैन,अभिनंदन जैन, दीपक गोयल, भूपेंद्र गुगलिया, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, शैलजा देशमुख, सुधा अग्रवाल, प्रशाली शाह, परमजीत कौर खालसा आदि उपस्थित रहे . कार्यक्रम में नि : शुल्क कोचिंग के बच्चों के बीच शुद्ध स्वादिष्ट गन्ने का रस भी वितरित किया .

# निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों से हो पढ़ाई

## जनसुनवाई में सामाजिक कार्यकर्ता ने कलेक्टर को दिया आवेदन

**सुसनेर, 27 मई. प्रायवेट स्कूलों में संस्था की किताबों की बजाय एनसीईआरटी की किताबों से ही अध्ययन कराने जाने की मांग को लेकर सुसनेर के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक राठौर ने मंगलवार को जनसुनवाई में आगर जिला कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह को एक लिखित आवेदन दिया है.**



सामाजिक कार्यकर्ता दीपक राठौर ने कलेक्टर को दिया आवेदन

दिए गए आवेदन में बताया गया कि प्रायवेट स्कूलों में किताब स्कूल संस्था द्वारा निर्धारित निजी दुकानों से मनमाने कीमतों पर खरीदने के लिए कहा जाता है और उन किताबों की कीमत भी एनसीईआरटी किताबों से चार से पांच गुना अधिक मूल्यों पर दी जाती है, जिससे अभिभावकों पर फिजुल ही आर्थिक स्थिति पर बोझ पड़ता है. महंगाई के इस दौर में बच्चों की पढ़ाई जारी रखने मे महंगी कीमत पर दी जाने वाली किताबें कई अभिभावकों के बच्चों की पढ़ाई मे रूकावट पैदा कर रही है. मप्र के जबलपुर जिले के कलेक्टर ने जबलपुर जिले मे एनसीईआरटी किताबें लागू कर अभिभावकों के ऊपर लगने वाले किताबों के आर्थिक बोझ से बच्ची व अभिभावकों को निजात दिलाकर एकरूपता से शासन द्वारा निर्धारित कीमत पर प्रत्येक प्रायवेट स्कूल में भी एक ही किताबों का कोर्स लागू किया गया है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावक को आर्थिक बोझ से निजात मिली. इस प्रकार आगर मालवा जिले में भी एनसीईआरटी किताबों का कोर्स लागू करने की आवश्यकता है, जिससे आगर-मालवा जिले के अभिभावकों के ऊपर लगने वाली मंहगी किताबों का आर्थिक बोझ कम किया जाना चाहिए, जिससे एक गरीब का बच्चा भी एक समान रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकता है.

# महाविद्यालय में मनाई देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती



**शाजापुर, 27 मई. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग मप्र भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाई गई.**

आयोजन का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. बीएस विभूती की अध्यक्षता में मां सरस्वती व लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. आपने इनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई का कृतित्व अद्वितीय है. वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वीपी मीणा ने भी अपने विचार रखे. साथ ही इस अवसर पर तीन विधा पर प्रतियोगिता भी रखी गई. प्रतियोगिताओं के विषय देवीअहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर आधारित थे. निबंध प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया. भाषण प्रतियोगिता में छह प्रतिभागियों ने भाग लिया और चित्रकारिता प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया. इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त व सहभागिता वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे. संचालन डॉ. बीएल मालवीय ने किया. आभार डॉ. श्वेता सक्सेना ने माना.

# तेज हवा से एक चलती व एक खड़ी बस पलटी



पचोर मार्ग पर पलटी बस



दुर्घटना में घायल हुई महिला

**पचोर मार्ग व रायपुर रोड पर हुआ हादसा,**

**बस में सवार पांच लोगों को आई चोट**

**शुजालपुर, 27 मई. नवतपा में जहां आसमान से गर्मी के रूप में आग बरसती है वहीं बदले हुए मौसम के मिजाज के कारण तेज हवा व पानी बरस रहा है, इस बदले हुए मौसम के कारण दुर्घटनाएं व घटनाएं भी हो रही है. मंगलवार की दोपहर को शहर के बाहर चली तेज हवा के कारण नेशनल हाइवे पर पचोर की और जा रही एक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर हुई और पलटी खा गई. साथ ही रायपुर रोड पर सड़क किनारे खडी स्कूल बस पलटने से क्षतिग्रस्त हो गई.**

सिटी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार श्री गौराजी बस सर्विस वाहन क्रमांक एमपी 15 पीए 0212 मंगलवार की दोपहर 2 बजे शुजालपुर पचोर मार्ग पर बिजली ग्रिड के समीप पलटी खा गई, पुलिस को बस चालक आनंद सोनी पिता प्रेमनारायण सोनी निवासी जंगीबढ़ ने आवेदन देते हुए बताया कि यह बस कुरावर से शुजालपुर के मध्य चलती है और विद्युत ग्रिड व पेट्रोल पंप के मध्य आंधी, पानी व तेज हवा के कारण पलटी खा गई. बताया जाता है कि बस में लगभग 15 यात्री थे, जिसमें से 5 यात्रियों को चोटे आई. इन पांच में से एक महिला नसीमा बी निवासी जामनेर को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया. उधर रायपुर रोड पर सड़क के किनारे खडी गायत्री स्कूल की बस भी तेज हवा के कारण पलटी खा गई. इस घटना के दौरान बस में कोई नहीं था, हालांकि बस पलटने से उसमें नुकसान हुआ. स्कूल संचालक ने पुलिस को आवेदन देते हुए बस पलटने की जानकारी दी.

### जनसुनवाई में 146 आवेदन आए

**शाजापुर, 27 मई.** मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रोरेट में संपन्न हुई जनसुनवाई में 146 आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की.

# धूमधाम से मनाई शनि जयंती, दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

## शनि मंदिर में टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार ने की पूजा

**सुसनेर, 27 मई. मंगलवार को सुसनेर समेत क्षेत्र में शनि जंयती का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया. शनि जयंती के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 3 की सत्यनारायण गली में स्थित शहर के एक मात्र शनि मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.**



इस बार मंगलवार को अमावस्या पर शनि जयंती के विशेष संयोग के चलते सुबह से श्रद्धालु मंदिर में दर्शन-पूजन करने के लिए उमड़ रहे थे. देर शाम को 56 भोग लगाकर शनिदेव का आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई. इसके चलते मंदिर को आकर्षक फूलों और गुब्बारों से सजाया गया. मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ तेलाभिषेक के लिए लगी रही. प्रातः 11 बजे महाआरती की गई, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार, स्टार उत्सव पर प्रसारित हो रहे प्रसिद्ध सीरियल गुम है किसी के प्यार की करिश्मा टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप जैन, युवा भाजपा नेता अभिषेक बजाज, संजय बजाज व अन्य श्रद्धालुओं ने पूजन कर धर्मलाभ अर्जन किया.

## एक नजर में

### 55 वर्षीय महिला को भारी पड़ रही जिम्मेदारों की लापरवाही

# सिस्टम की गलती का खामियाजा भुगत रही लाड़ली बहना

**सुसनेर, 27 मई. मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना में पंजीयन कराने वाले महिला 55 वर्षीय महिला को योजना की आधी राशि यानी के 650 रुपए ही मिल रहे हैं. आधी राशि मिलते-मिलते योजना की 24 किश्तें पूरी हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है. महिला अब शासकीय कार्यालयों के चक्कर काट रही है.**

मामला सुसनेर जनपद पंचायत के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत क्रमांक 1 बराई का है. दरअसल, वर्ष 2023 में जब लाड़ली बहना योजना की शुरूआत हुई थी. तब 55 वर्षीय महिला सजनबाई दांगी ने ग्राम पंचायत में आयोजित कैम्प के माध्यम से अपना पंजीयन करवाया था. उस समय ग्राम पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग व अन्य विभागों के कर्मचारियों के दल के द्वारा पंजीयन किए गए थे. पंजीयन के समय योजना के पोर्टल पर त्रुटिवश इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना पर क्लिक करके फॉर्म को सब्मिट कर दिया गया. इस वजह से महिला का पंजीयन तो लाड़ली बहना योजना में हो गया, किन्तु उसे योजना की आधी राशि 650 ही मिलना शुरू हो गई.



### अभी तक मिल चुकी है 24 किश्तें...

अभी तक महिला को 24 किश्तें मिल चुकी है . अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब महिला की उम्र 55 साल है, तो फिर उसको आधी राशि ही क्यों मिल रही है . मामला संज्ञान में आने के बाद जिम्मेदार विभाग इस समस्या का समाधान करने कोशिश कर रहे हैं .

**इनका कहना है**

*ग्राम पंचायत बराई की महिला सजनबाई को लाड़ली बहना योजना की आधी राशि मिल रही है. यह मामला संज्ञान में आया है. इसको लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा.*

***- राजेश शाक्य, सीईओ, जनपद पंचायत, सुसनेर***

*वर्ष 2023 में जब लाड़ली बहना योजना की शुरुआत की गई थी, तब ग्राम पंचायत के द्वारा पंजीयन किए गए थे. हमने पोर्टल पर चैक किया है. पोर्टल पर त्रुटिवश इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना क्लिक हो रहा है. इसका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है.*

***- शिवकन्या डोडवा, प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग***

### ग्राम दंधेड़ा की प्राचीन बावड़ी पर श्रमदान

**शाजापुर, 27 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शाजापुर जिले के विकासखण्ड मो. बड़ोदिया के ग्राम दंधेडा में नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के माध्यम से सार्वजनिक प्राचीन बावड़ी पर श्रमदान किया गया. जिसमें से बावड़ी के अंदर जमा कचरा, पॉलीथिन एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री को निकाला गया. साथ ही बावड़ी की सीढ़ी एवं आसपास की सफाई भी की गई. इस बावड़ी से अभी भी ग्राम के लोग पशु को पानी पिलाने के लिए उपयोग करते हैं. श्रमदान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह राजपूत और ग्राम समिति सचिव होकम सिंह राजपूत और ग्राम की जागरूक महिलाएं, बुजुर्ग और समिति के सदस्य व सेक्टर प्रभारी गोपाल सिंह चौहान राजपूत भी उपस्थित थे.